महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

शहीद दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

वर्धा, 23 मार्च 2026 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने राजगुरु छात्रावास के सभा कक्ष में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को शहीद दिवस के अवसर पर उनके बलिदान की याद में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कुलपति ने कहा कि शहीदों के देश के प्रति समर्पण, त्याग और निष्ठा के कारण देश को स्वाधीनता मिली। हमें देश के प्रति उनके बलिदान का स्मरण करते हुए देशभक्ति व देशप्रेम की भावना आत्मसात करनी चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

विश्वविद्यालय के भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव छात्रावास की ओर से संयुक्त रूप से शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर इन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उपस्थितों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुलसचिव क़ादर नवाज़ खान, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, कुलानुशासक डॉ. राकेश मिश्र, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, छात्रावास अधीक्षक डॉ. हिमांशु शेखर, डॉ. चंद्रशेखर पाण्डेय सहित विभिन्न छात्रावासों के अधीक्षक, अध्यापक एवं छात्रावासों के अंतवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शहीद दिनानिमित्त भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव यांना श्रद्धांजली

वर्धा, 23 मार्च 2026 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी राजगुरु विद्यार्थी वसतिगृहाच्या सभागृहात महान स्वातंत्र्यसैनिक भगतसिंह, राजगुरु आणि सुखदेव यांना शहीद दिनानिमित्त त्यांच्या बलिदानाच्या स्मरणार्थ भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पण केली. श्रद्धांजली अर्पित करताना कुलगुरूंनी म्हणाल्या की, शहीदांच्या देशाप्रती असलेल्या समर्पण, त्याग आणि निष्ठेमुळे देशाला स्वातंत्र्य मिळाले. त्यांच्या बलिदानाचे स्मरण करून आपण देशभक्ती आणि देशप्रेमाची भावना आत्मसात करावी तसेच त्यांच्याकडून प्रेरणा घ्यावी.

विश्वविद्यालयातील भगतसिंह, राजगुरु आणि सुखदेव विद्यार्थी वसतिगृहांच्या संयुक्त विद्यमाने शहीद दिन साजरा करण्यात आला. यावेळी माल्यार्पण व पुष्पांजली अर्पण करून या स्वातंत्र्यसैनिकांच्या बलिदानाचे स्मरण करण्यात आले आणि उपस्थितांनीही त्यांना श्रद्धांजली वाहिली. या प्रसंगी कुलसचिव कादर नवाज खान, विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, कुलानुशासक डॉ. राकेश मिश्र, मुख्य वसतिगृह अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, वसतिगृह अधीक्षक डॉ. हिमांशु शेखर, डॉ. चंद्रशेखर पांडेय तसेच विविध वसतिगृहांचे अधीक्षक, प्राध्यापक आणि मोठ्या संख्येने विद्यार्थी उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305